भारतवर्ष में संतों की एक सुदीर्घ परम्परा है। इस अथाह संत सागर में से कुछ मोती चुनने का सुअवसर मुझे भी प्राप्त हुआ है। मेरे शोध का आलोच्य विषय था "संत चरणदास एवं उनकी परम्परा में निर्गुणवादी महिला संत (सहजोबाई और दया बाई) की साधना का अध्ययन।" इसी अध्ययन-क्रम में कश्मीरी भाषा के सुप्रसिद्ध अद्वितीय भक्त महाकवि पण्डित कृष्ण जू राज़दान ही के विषय में पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ आश्चर्य यह है कि संत चाहे किसी भी प्रदेश, अंचल अथवा क्षेत्र से सम्बन्ध रखते हों परन्तु उनका लक्ष्य एक ही होता है - भगवद् प्राप्ति एवं लोक मानस में आध्यात्मिक चेतना का जागरण। भाषा के कठिनाइयों के कारण संत कवि चरणदास जी एवं पण्डित कृष्ण जू राज़दान जी द्वारा रचित काव्य कृतियों को पढ़कर समग्र चिन्तन तो नहीं कर पाई फिर भी अल्पांश जो मैंने ग्रहण किया उसके आधार पर संत कवि चरणदास जी एवं पंडित कृष्ण जू राज़दान जी की जीवनधारा तथा विचारधारा में साम्य स्थापित करने का जो लघु प्रयास किया उसे यहाँ प्रस्तुत करती हूँ।

राजस्थान में अलवर समीपस्थ डेहरा गाँव में श्री मुरलीधर जी की भार्या कुंजोदेवी की कोख से सम्वत् 1760 में कृष्णांश रूप में अवतरित रणजीत नामक बालक ही 19 वर्ष की अवधि में श्री शुकदेव मुनि से शुकताल, ज़िला मुज़फ्फरनगर में दीक्षा ग्रहणोपरान्त संत चरणदास के नाम से विख्यात हुआ। इनका, जन्म, कर्म सब कुछ दिव्य था। यद्यपि शाला और मकतब की शिक्षा उनकी नाममात्र की थी तथापि वेद, पुराण, कुरान में वे पारंगत थे। हिन्दू और इस्लामी धर्म शास्त्रों में उनकी समान गति थी तथा योग मार्ग की साधना को वे मानव समाज के उद्धार हेतु आवश्यक मानते थे। संत चरणदास ऐसे संत नहीं थे जिन्होंने परिस्थितिवश सन्यास धारण किया हो अपितु उनमें एक सिद्ध योगी और महान संत के लक्षण शैशवावस्था से दृष्टिगोचर होने लगे थे। सांसारिक भोग, मोह से उन्हें पूर्ण विरक्ति थी।

पण्डित कृष्ण जू राज़दान के कवि बनने से संबन्धित एक घटना प्रचलित है कि उनके पिता पण्डित गणेश रैना अपनी भार्या के साथ किसी वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी के दिन राज्ञाभवानी का तीर्थ करने मंजगाम गये। कृष्ण जू की अल्पावस्था होने के कारण उन्हें घर पर ही छोड़ दिया गया क्योंकि उनके साथ 15 मील लम्बा रास्ता पैदल तय करना सम्भव नहीं था। उन्होंने साथ जाने की बड़ी ज़िद की, रोये - धोये पर पिता ने न माना। उस रात कृष्ण जू ने अन्न-जल ग्रहण नहीं किया केवल अश्रुपात करते रहे और हठपूर्वक घर से भागने का प्रयास भी किया परन्तु सेवक ने उन्हें कमरे में बन्द कर दिया। रोते-रोते बालक गहन निद्रा के वशीभूत हो गया। नींद में उन्हें आभास हुआ कि दिव्य गुणों से संपन्न एक स्त्री ने उन्हें अम्गीकार करके सहलाया, सिर पर हाथ फेरा, स्तनपान कराया और आर्शीवाद दिया। यह महिला और कोई नहीं स्वयं माता राज्ञाभवानी थी। दूसरे दिन से बालक स्वयं ही गुनगुनाने लगा और उनके हृदय से प्रथम कविता प्रस्फुटित हो गयी जो इस प्रकार है :-

**मंज़गामि छख चुँय रा'गन्या भवानी,**
**परम पदवी छय चा'न्य जानिये।**

यही कविता बाद में शुद्ध रूप में इस प्रकार लिखी गयी-

**सर्वव्यापक छख राज्ञा भॅवानी,**
**परमुँ पदवी छि चा'न्य जानिये।**
**तुलॅमुलि नागस लछुँ लूखुँय,**

**प्रेमुॅ सॅत्य परुॅवुॅन्य श्रुॅखुॅय छिय,**
**अनपढ़ छुस तुॅ परुॅ तिहिंज़ि मान मा'जी,**
**परम पदवी छि चा'न्य जानिये।**

उसी प्रकार से संत चरणदास एक वर्ष की अवस्था में ही बाल सुलभ तोतले वचन बोलने लगे तथा दो वर्ष की अवस्था होते ही डगमगाते कदमों से चलने लगे। तृतीय वर्ष की अवस्था में बालक चरणदास समवयस्क बालकों के साथ खेलने लगे। चतुर्थ वर्ष प्रारम्भ होते ही वे तिलक छाप, गले में कण्ठी धारण करके माला फेर कर राम नाम उच्चारण करने लगे और पाँच वर्ष की आयु में वे सूर्योदय से एक पहर पूर्व शैया त्याग देते थे और ब्रह्म के ध्यान में लीन हो जाते थे। उनकी ध्यानावस्था और भगवत् प्रेम देखकर सब लोग आश्चर्य चकित हो जाते थे और उन्हें अवतारी बालक कहते थे। जब वे अपने समवयस्क बालकों के साथ खेलने जाते तब स्वयं भी राम नाम का उच्चारण करते थे तथा अपने साथियों से भी राम नाम का उच्चारण करवाते :-

**सखा मित्र सब बालकन लेकर बैठे साथ।**
**कहें हरि का सुमिरन करो जो है सबका नाथ।**

एक बार शरद पूर्णिमा के दिन जब वे बालकों के साथ खेल रहे थे तो एक बालयोगी के रूप में व्यास पुत्र शुकदेव जी ने चरणदास जी को दर्शन दिये। उस दिव्य मूर्ति, अवधूत, श्याम स्वरूप, कमलनयन, कौपीनधारी व्यक्ति ने बालक चरणदास को अपने निकट बुलाकर दोनों हाथों से उठाकर कंधे पर चढ़ा लिया और वट वृक्ष के नीचे ले जाकर अपने अंक में बैठा लिया तथा अत्यन्त स्नेहपूर्वक प्रसाद रूप में दो पेड़े दिये और कहा हमने तुम्हें अपना शिष्य स्वीकार कर लिया :-

**कृपा प्यार बहुत की कीये। पुचकारे दो पेड़े दीये।**
**बहुरि कहीं तोहि सिष हम कीन्हा। हूज्यो संत यही बर दीन्हा।**

इस प्रकार श्री शुकदेव जी ने चरणदास जी को बाल्यकाल में ही अपना शिष्य स्वीकार कर लिया था। 19 वर्ष की अवस्था में चरणदास को पुनः दीक्षा दी। दिव्य गुरु शुकदेव मुनि से दीक्षा प्राप्त करने के उपरांत चरणदास जी ने दिल्ली को अपनी साधना भूमि बनाया।

अतः यह सुस्पष्ट है कि संतों का आविर्भाव लोक कल्याण हेतु ही होता है और इसके संकेत उनके पृथ्वी पर पदार्पण के साथ ही परिलक्षित होने लगते हैं। जिस प्रकार कृष्ण जू के विषय में प्रचलित है कि यदि वे तपतपाती धूप के मौसम में वर्षा आगमन की भविष्यवाणी करते थे तो वह भी शत-प्रतिशत सही निकलती थी। उनका खगोलीय ज्ञान बहुत अच्छा था। वे प्रायः मंगल ग्रह की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं को देखकर उसका परिणाम निकालते थे। उसी प्रकार चरणदास जी को भविष्य की घटनाओं का पूर्वाभास हो जाता था। मुग़ल सम्राट मोहम्मद शाह रंगीले का सन् 1737 ई॰ में ईरान के दुर्दान्त शासक नादिरशाह द्वारा पराभव एवं दिल्ली में कत्लेआम की घटना की भविष्यवाणी छः मास पूर्व लिखित रूप में मोहम्मद शाह के पास भेज कर संत चरणदास ने सम्राट को सावधान कर दिया था और यह भविष्यवाणी अक्षरशः सत्य सिद्ध भी हुई। 'लीलासागर' ग्रन्थ में चरणदास जी द्वारा की गई अनेकानेक भविष्यवाणियों एवं चमत्कारों का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है परन्तु विस्तार-भय से अब पण्डित कृष्ण जू राज़दान तथा संत चरणदास जी की काव्य रचनाओं में समाहित समानताओं का संक्षेप में अवलोकन करते हैं। संत चरणदास जी ने विभिन्न विषयों पर 21 पुस्तकों की रचना की है जिनमें वेदान्त, भागवत, धार्मिक प्रन्थों तथा अन्य शास्त्रों का सम्यकरूपेण समावेश किया गया है :-

**कीनो भगवत धर्म को चरणदास विस्तार।**
**ग्रंथ भक्तिसागर सरस वाणी पाँच हज़ार।।**
**महाराज बरनन करी प्रेम भक्ति भण्डार।**
**जोग ज्ञान वैराग को वरनो विविध प्रकार।।**

कृष्ण जू राम, कृष्ण, शिव और शक्ति को एक ही ईश्वर के रूप में स्वीकार करते थे-

**रामुॅय छुय कृष्ण तुॅ कृष्ण छुय रामय,**
**असि भॅखती निष्कामॅय कर,**
**अद्वैत भावना कड मुह ज़ालय,**
**हाव श्यामॅ लालय श्रीराम रूप।**
**शिवुय छुय कीशव कीशव छुय शिवुय,**

धन्य आ'स अदॅ प्योस ग्यवुय नाव,
आत्म द्वाँदस छय ब्यो'न जाय,
हाव श्यामु लालय श्रीराम रूप।।

संत चरणदास जी भी राम और कृष्ण में भेद नहीं मानते थे एक उदाहरण प्रस्तुत हैं:-

वही राम मेरो जिन रावण विनाश्यो जाय,
वही राम मेरो जिन लंक पर जारी है।
वही राम मूरो जिन केस को पछार्‌यो जाय,
वही राम मेरो जिन नाथ्यो नाग कारी है।
वही राम मेरो सो डार पात रमि रह्यो,
वही राम मेरो जामी जग में उज्यारी है।
चरणदास सब संतन को चेरो कहै,
वही राम मेरो प्रह्लाद पैग पारी है।।

कृष्ण जू अद्वैतवाद पर बल देते हुए कहते हैं:-

अरूपस कुस सरूप बने,
स्वयन ग्रा'विथ अच्युत बने,
यिय आसि तिय भासि तति कांह नुॅ कुने,
तुर्यातीता न्यरलीप नने,
म्वचि् नाद बे'दा मंज़ हनि हने
ब्रह्मानंदा सनि ख्वगुॅने,
प्रथकुनि मंज़ आ'सिथ अन्द कने।
तथ कलि यथ न्यष्कल ओम गने
सुय ज़ानि यस बनि अ'स्य क्या बनव
व्यच्‌ार करव तॅ स्वरव प्रणव।।

चरणदास जी की मान्यता है कि ब्रह्म केवल ब्रह्म है वह न एक है न दो। उन्होंने ब्रह्म के साथ इस प्रकार तादात्म्य तथा एकाकार स्थापित किया कि उन्हें ब्रह्म को दो व एक कहने में भी संकोच का अनुभव होने लगा :-

भूल हुती जब दो हुते जब नहिं एक न दोय।
अटक उठी धोखो मिटो आपन हू गयो खोय।।

एक उदाहरण और दृष्टव्य है:-

अविनाशी नाशै नहीं नाश न कबहूँ होय।
तत्व स्वरूपी एक है कभी होय नहिं दोय।।

संत परम्परा में दो उपासना पद्धतियाँ प्रचलित रही हैं, एक सगुण भक्ति दूसरी निर्गुण भक्ति। परन्तु अधिकांश संतों ने ईश्वर को न विशुद्ध सगुण माना है और न निर्गुण। वे दोनों रूपों की समान निष्ठापूर्ण उपासना करते हैं। निराकार ईश्वर के विषय में कृष्ण जू राज़दान कहते हैं:-

अविनाशुॅ न्यॅथ छुय लसुॅनुय बसुॅनुय
ज़गतुक कल्यान असनुय चोन
जय शिव ओमकारुॅ ही न्यराका'री
लोलुॅ पोश लागय च़ा'र्य-चा'रिये।

संत चरणदास जी ने ''ब्रह्मज्ञान सागर'' में सगुण एवं निर्गुण ब्रह्म के स्वरूप का विशद वर्णन किया है। चरणदास ही ने ब्रह्म को निर्गुण सगुण से परे परम शाश्वत सत्ता के रूप में स्वीकार किया है। इस संदर्भ में चरणदास सम्प्रदाय के प्रमुख संत श्री सरस माधुरी शरण जी का वक्तव्य दर्शनीय है-

सूरदास सगुन कथे निरगुन कथे कबीर।
चरणदस दोनों कथे पूरन पुरुष गम्भीर।।

संत चरणदास जी के अनुसार निर्गुण और सगुण ब्रह्म एक ही हैं। इस तथ्य पर पंडित कृष्ण जे राज़दान और संत चरणदास जी में पूर्णतया मतैक्य है। चरणदास जी कहते हैं कि निर्गुण ब्रह्म ही भक्तों के उद्धार हेतु सगुण रूप में अवतार लेते हैं:

ऐसे ब्रह्म धरी है काया। आपहि पुरुष आप ही माया।।
आप नारायण लक्ष्मी भई। नाभि कमल अरु आपहि दई।।
आपहि धरती आप हि पानी। आपहि रुद्र चतुर विज्ञानी।।
ह्वै नारायण विष्णु कहायो। शेषनाग ह्वै तलै पठायो।।

कृष्ण जू के अनुसार शिव जी को ही ब्रह्मा और विष्णु रूप मानना चाहिए।

सुय ब्रह्मा सुय वेष्णुॅ मानुन
ज़गतुक ईश्वर सुय ज़ानुन

**सुय परमात्मा सुय स्वछन्द**
**शिवनाथ सा'पनुन बांधव तुॅ बन्ध**

**सुय छुय शास्तुॅर वीद सागर**
**सुय छुय आसुॅवुन वेद्याधर**
**सुय छुय सार ओमकारुक ब्यंद**
**शिवनाथ सा'पनुम बांधव तुॅ बन्ध**

चरणदास जी आगे कहते हैं:-

**वहि निरगुन सरगुण वही, वहि दोनों से न्यार।**
**जो था सो जाना नहीं, सोचा बारम्बार।।**

जगत की असारता-क्षणभंगुरता के संदर्भ में संतों ने भारतीय चिन्तन परम्परा का ही अनुकरण किया है। कृष्ण जू संसार की असारता का इस प्रकार वर्णन करते हैं:-

**सरॅ को'र संसार नदरुय द्राव**
**डल मुॅ होशुॅ च्यतुॅकिय पम्पोश छाव।**
**सूहमुॅ हम वाय मूहनि शाठय**
**ज़ॉन्य नाव पकुॅनाव से'जि वति पाठय।**
**सहस्र दॅलु डलुॅ पदमुॅ आसन प्राव**
**डल मुॅ होशुॅ च्यतुॅकिय पम्पोश छाव।।**

चरणदास जी को संसार, देह, जन्म सब स्वप्न के समान लगता है। उनके अनुसर केवल ब्रह्म ही नित्य है ओर सत्य हैं :-

**भाई रे स्वप्न ये संसार**
**देह स्वना जन्म स्वपना स्पन कुल व्योहार।।**

**चरणदास स्वपना ब्रह्म सांचो एक रस नित जान।**
**सत्य स्वपना झूठ स्वपना, कहा कहूँ निर्वान।।**

चरण दास जी संसार की क्षणभंगुरता का वर्णन इस प्रकार करते हैं-

**दुर्योधन रावण गये, अरु यादव परिवार।**
**चरणदास थिर को नहीं, होय मिटै संसार।।**

साधक को ईश्वर-ज्ञान प्राप्त करने के लिये इन्द्रियों को वश में रखना चाहिये काम, क्रोध, लोभ और मोह-माया को त्यागना अत्यन्त आवश्यक है। चरणदास जी साधक को समस्त इच्छाओं अभिलाषाओं को छोड़कर हरि सुमिरन में लीन होने का उपदेश देते हुए कहते हैं-

**जक्त वासना के विषे, घर चिन्ता का जान।**
**जग की आशा छोड़कर, हरि सुमिरन की ठान।।**

और भी-

**जग माँही ऐसे रहो ज्यों अम्बुज स्यू मांहि।**
**रहे नीर के आसरे पै जल छुवत नांहि।।**

इस संबन्ध में पंडित कृष्ण जू राज़दान के विचार द्रष्टव्य हैं:-

**दीह दृष्टि रो'स्त युस रोज़ि दीहसुॅय मंज़।**
**करि आत्मस विवेक पूज़ायि संज़।।**

निम्न पक्तियों में कृष्ण जू साधक को उपदेश देते हुए कहते हैं-

**क्या छु लबुन क्या छु रावुन**
**यिय छु प्रावुन तिय चुॅ प्राव**
**दीह अभिमान गछ़ि त्रावुन गछ़ि प्रावुन ब्रह्मभाव**
**गाटुॅजार गछ़ि मॅशुॅरावुन याद पावुन साधुॅ नाव**
**भूगुॅ अभिलाष गछ़ि सावुन वुज़ुॅनावुन सत स्वभाव**
**वैरागुॅ बाग गछ़ि छावुन फुलयि हावुन हरदुॅ वाव**
**सुबॅ फो'ल व्वथ शामुॅ रूॅपस लवुॅहतिय पोश छाव।**

चरणदास जी ने अपनी रचनाओं में सतसंग की बहुत महिमा गाई है। उनके अनुसार सतसंगति की एक घड़ी तपस्या के हजार वर्षों के बराबर है-

**तप के वरष हज़ारहू, सतसंगत घड़ि एक।**
**तौ भी सरवर न करै, शुकदेव दिया विवेक।।**

कृष्ण जू राज़दान द्वारा रचित निम्न पंक्तियों में भी यही भावसाम्य परिलक्षित होता है–

**सतुक श्रवुण कनन मंज़ गाव**
**शब्द बूज़ चो'ल गर्युक गम**
**अगम अपार द्यगम्बर सॉर**
**संसारॅ व्यवहार भ्रमुॅय ओस**
**सप्तॅरेष्यन हुंद शमुॅय तुॅ दमुॅय**
**सत्संगुॅ समागमुॅय ओस।**

कृष्ण जू ने केवल कश्मीरी भाषा में ही काव्य रचना नहीं की अपितु हिन्दी और फ़ारसी में भी अपनी लेखनी चलाई है। उनका काव्य-माधुर्य, ओज और प्रसाद गुणों से परिपूर्ण है। कृष्ण जू द्वारा भगवान श्रीकृष्ण पर रचित हिन्दी, उर्दू और फ़ारसी मिश्रित एक गीत की झलक इस प्रकार है:–

**छोड़ो परहेज़ संजीवन का दवा कर मुझको**
**हिजर का दर्द है मिलने का शफ़ा कर मुझको।**
**मैं बिलखता हूँ नज़र रखके तेरे आने पर**
**आओ श्रीकृष्ण भी वादे वफ़ा कर मुझको।।**

चरणदास जी एक महान संत, सिद्ध-साधक, अलौकिक और दिव्य शक्ति सम्पन्न होने के साथ-साथ काव्य सृजन के क्षेत्र में भी अद्वितीय प्रतिभाशाली थे। कृष्ण जू राज़दान द्वारा रचित उपर्युक्त गीत तथा चरणदास जी द्वारा रचित निम्नलिखित ग़ज़ल की भाषा और श्रीकृष्ण के प्रति आसक्ति भाव में अद्भुत साम्य देखने योग्य है :–

**मुझे कृष्ण के मिलने की आरज़ू है।**
**शबो रोज़ दिल में यही जुस्तजू है।।**
**नहीं भाती है मुझको बातें किसी की।**
**सुनी जबसे उस यार की गुफ्तगू है।।**
**नहीं मुझको मतलब जहाँ में किसी से।**
**चुभा जब से दिल में सनम रूबरू है।।**
**जो आशिक है उसका नहीं उससे गाफिल।**
**तड़पता अज़ल से खड़ा रूबरू है।।**
**शराबे मुहब्बत पी जिसने यारो।**
**दुआ दो जहाँ में वो ही सुर्ख़रू है।।**
**सभी आशिकों पै किया करम तूने।**
**मुआसी पै तेरा नहीं दिल रजू है।।**
**जहाँ देखो वहीं है वो हाज़िर।**
**हर एक गुल में उसकी मिली मुश्कबू है।।**

निष्कर्ष यह निकलता है कि पण्डित कृष्ण जू राज़दान 22 वर्ष की अवस्था से लेकर 89 वर्ष की अवस्था (देहावसान पर्यन्त) तक लीला गान करते रहे। अपने काव्य के ज्ञानामृत से कश्मीरी जनता को ईश्वर-प्रेम और भक्ति क मार्ग की न केवल प्रेरणा दी अपितु उनको आनन्द विभोर भी किया। इनका काव्य गेय काव्य है। इनकी सरल सृजनात्मक प्रतिभा के कारण प्रवाह पूर्ण ईश्वरीय आभास प्रदायनी हो गयी है।

संत चरणदास जी ने भी अपने 79 वर्ष 3 माह के जीवन काल में अपनी योग सिद्धियों तथा आत्म निहित अलौकिक शक्तियों से समाज को चमत्कृत करने वाले अनेकानेक कार्य किये। उनकी काव्य प्रतिभा नैसर्गिक थी क्योंकि स्कूली शिक्षा में उनका मन नहीं रमा था। चरणदास जी की रचनाओं में वेदों और पुराणों का सार, योग, ज्ञान, कर्म, दर्शनिक ज्ञान, भक्ति संगीत आदि सब कुछ समाहित है। उनका साहित्य विपुल ज्ञान का सागर है। इन रचनाओं में उनकी भूमिका समाजोद्धारक के रूप मुख्य रूप से परिलक्षित होती है।

प्राकृतिक सौन्दर्य, शिक्षा, कला एवं संस्कृति सम्पन्न कश्मीर गत 14 वर्षों से आतंकवाद की आग में तिल-तिल कर झुलस रहा है। आज कश्मीर के हिन्दू अपनी मातृ-भूमि से विस्थापित हो यहाँ-वहाँ तिनकों के समान बिखर गये हैं। ऐसे में उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं त्यौहार, धार्मिक आयोजन और साहित्य। साहित्य समाज का दर्पण होता है। अतः किसी भी विचारधारा को अक्षुण्ण एवं सजीव बनाये रखने के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि उससे संबंधित साहित्य का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार किया जाए तथा उसे जवीन में यथासंभव अपनाया जाए। कश्मीर के लोगों और कश्मीरी विस्थापितों की यह आशा है कि कश्मीर समस्या हल होगी, आतंकवाद समाप्त होगा, अशान्ति के स्थान पर शान्ति का राज्य स्थापित होगा। आज की संकटमय परिस्थितियों में पण्ड्रित कृष्ण जू राज़दान का साहित्य कश्मीरी विस्थापितों के हृदयों के ताप को हरेगा, ऐसी मेरी आशा है।

# कश्मीरी सन्त कवि कृष्ण राज़दान

**– प्रो० चमनलाल सप्रू**

छः सौ साल तक मुस्लिम शासन काल में संत्रस्त कश्मीरी हिन्दू समाज को सिख एवं डोगरा शासन काल में अपनी आस्था के अनुसार खुलकर जीने का अवसर प्राप्त हुआ। माथे पर केसर, सिन्दूर एवं चन्दन का तिलक लगाकर हिन्दू कहलाने पर उन्हें गर्व होने लगा । मुस्लिम क्रूर शासकों द्वारा नष्ट किये गए मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं नए मंदिर निर्माण करने का एक अभियान प्रारम्भ हुआ। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक नव जागरण को अपने भक्ति काव्य से संजीवनी प्रदान करने में अग्रणी संतकवि कृष्ण राज़दान का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

पंडित कृष्ण जू राज़दान (1850-1926) मूलतः एक योगी थे। किन्तु उन्होंने गृह त्याग नहीं किया । *'बस्ती मंज़ वन वासुँय रांज़* (बस्ती में रहते हुए ही वनवास का आनन्द प्राप्त करो) यह था उनका जीवन दर्शन। अर्थात् *'पदम् पत्र मिवाम्बसा'* जल में कमल की भान्ति रहो। निर्लिप्त बेदाग़ वह अपने जन्म स्थान जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर स्थित वनपुह में ही नहीं रहते थे अपितु पूरी कश्मीर घाटी के प्रमुख तीर्थ स्थानों के अतिरिक्त (राजधानी) श्रीनगर के साथ-साथ प्राकृतिक सौन्दर्य से घिरे हुए अनेक गांवों में भी अपने शिष्यों एवं प्रशंसकों के साथ घूमते-फिरते थे। इसका अभिप्रायः था दूर-दूर तक फैले मुस्लिम-बहुल कश्मीर में उन गांवों में बसे दो-दो चार-चार हिन्दू घरों को नैतिक सम्बल प्रदान करना। उनके सनातन संस्कारों और धार्मिक विश्वासों को संतुष्ट करना। यही कारण है कि वह अपने समय में ही अतीव लोकप्रिय कवि हुए ।

कश्मीर शैव-दर्शन का केन्द्र है। अतः किसी भी भक्त कवि के लिए शिव सम्बन्धी रचनाएं प्रणीत करना स्वाभाविक है। किन्तु सनातन धर्मावलम्बियों के विभिन्न मत-मतान्तरों के देव-देवियों के बारे में भी अत्यंत सुंदर कविताएं रचकर कृष्ण जू राज़दान ने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र समन्वय का भरपूर उपयोग किया। उनकी असंख्य कविताओं में से प्रतिनिधि रचनाओं को तीन वृहत खंडों में प्रकाशित किया गया है। यह हैं- 'शिव लग्न', 'कृष्ण दर्शुन' तथा 'कृष्ण वॉनी।' प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान आलीकदल, श्रीनगर निवासी पंडित मुकुंदराम शास्त्री इनके गुरू थे। मंज़गाम स्थित जगन्माता के मन्दिर में इन्हें देवी माँ का साक्षात्कार हुआ था । भगवान अमरनाथ और महाराज्ञा (क्षीर-भवानी) के जगत् प्रसिद्ध तीर्थस्थलों के प्रति इनकी असीम श्रद्धा इनके भक्तों के लिए प्रेरणादायक थी

डॉ० शशिशेखर तोषखानी के अनुसार "उनकी अपनी शैली, अपना लहजा, अपनी अलग पहचान है जो उन्हें कश्मीरी भक्त कवियों में सबसे बड़े गीतकार के रूप में स्थापित करती है। विद्यापति की भांति शिव और कृष्ण दोनों उनकी आस्था अतः उनकी सृजनात्मकता के केन्द्र रहे हैं।"

वे मातृभाषा के पक्षधर होते हुए भी संस्कृत, फारसी, हिन्दी और उर्दू काव्य के भी रसिया थे। मातृभाषा कश्मीरी के प्रति अपने अगाध प्रेम का वर्णन उन्होंने इस प्रकार किया है:-

**वनय दीवी छय का'शिर ज़्यवुँय टॉठ ।**
**परख बोज़ख तुँ त्ये'लि काठस गछ़िय का'ठ ॥**

अर्थात् - मैं कहता हूँ देवी मां को कश्मीरी भाषा ही प्यारी है। जिसे सुनने-गुनने से काष्ठ सी कठोर बात भी कोमल (सुबोध) हो जाती है।

उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इस महान कश्मीरी कवि ने राजभाषा उर्दू और घाटी के विद्वत समाज में प्रचलित फ़ारसी के प्रभाव से अलग हिन्दी भाषा में भी स्फुट रचनाएं की है। ऐसी उन्होंने कश्मीर यात्रा पर आने वाले साधु-संतों के सम्पर्क में आकर किया हुआ लगता है।

# Krishanajoo Razdan – A Great Saint Poet

**Ravinder Ravi**

In the 19th century, the land of Kashmir threw up some great poets whose rich and prolific poetry created quite an impact on the people. Although Kashmiri poetry in this century was highly Persianised and imitated the style of Persian classics, the credit goes to Bhakti poets who liberated Kashmiri language from the dominance of Persian diction in a way that it withered away gradually. The 19th century also saw profusion in various genres and forms of Kashmiri poetry. Devotional Kashmiri poetry too got a fillip. No doubt before this century, Sahib Koul's devotional poetry had already carved a niche for itself. I may be allowed to say that it was not till Parmanand appeared on the scene that it got finally established as a trend. Paramanand was not just a pioneer in writing devotional songs in Kashmiri, but surpassed all his predecessors in both profundity of thought and poetic merits. It was during this period that many poetic works on the theme of Shiva-Parvati marriage were written. Prakash Ram Kurigami, Paramanand and Krishnajoo Razdan all composed works titled 'Shivalagna', but Krishnajoo Razdan's 'Shivalagna', published by the Asiatic Society of Bengal, seems to excel all other works on the theme. Krishnajoo Razdan was born in Vanpoh in 1850, some say 1851, and went to his heavenly abode in 1925— in 1926 according to some.

A famous writer of Lila (devotional) poetry, Pandit Krishnajoo Razdan was a Sanskrit scholar also. Being a prolific writer, he soon attained a distinct place among the writers of his age. Writing about Krishnajoo Razdan, Master Zinda Koul says: "He is very good in technique and excels even Paramanand in clearness of language, in description of nature, in local colour and perhaps in musicality of verse also."

Krishnajoo Razdan's language is simple and sweet. Rich in musical quality, his lyrics display great metrical variety. His diction is lucid, and he does not shy away from making use of Sanskrit words wherever required. His works, the Shiva Parinay, Lila lyrics and Harihar Kalyan reflect his true poetic genius and passion. Being well aquainted with Sanskrit, Pandit Krishnajoo Razdan enjoyed a great respect among the writers of metrical romances of his times. Shiva Lagana immortalized him as a saint-poet because of its beautiful lyricism and profundity of thought. His skill as a narrator and his weaving stretches of mystic symbolism into his highly musical verses makes him stand apart from other poets of his age.

The advent of the 20th century saw Krishnajoo Razdan emerge as one of the greatest writers of devotional poetry. But he did not keep himself confined to devotional themes alone; he tried his hand on writing on other subjects and themes also. Some critics have said that Krishnajoo Razdan was the first devotional poet to highlight the spirit of patriotism in the beginning of 20th century. This created a basis for poets like Azad and Mehjoor for strengthening the trend of patriotic poetry in Kashmiri. In his poems, Razdan highlighted the plight of craftsmen and other professional workers like the potter, the jester, the blacksmith, the wrestler, the cook, the gardener etc. He regarded this world as a "Bhand Jashan"or a folk-play. Krishnajoo Razdan was indeed intensely devoted to Shiva—Shiva who is Jnana, the self-luminous light of lights. Shiva is the creator, infinite consciousness, eternal, omnipresent. Shiva is the Ultimate Reality and the Absolute, without a beginning or an end. Shiva is

destroyer also— destroyer of Asuras, the evildoers. He swallows poison to save the universe. The rich devotional songs in praise of Shiva written by Razdan are a great treasure of immense value for Kashmiri literature.

In one of his poems he says :-

My childhood passed asking only for you, O Shiva.
Have mercy on me
Liberate me from the yoke of materialistic life."

He further says :-

You are my only hope, take pity on me
I am your disciple,
get me out of this difficult situation, O Lord Shiva.

He does not give up and continues to struggle to get the desired result. Optimism keeps him going on in his arduous spiritual quest. His profound faith does indeed move mountains. While praying to Lord Shiva, Krishnajoo asks for strength from "the hermit whose body is besmeared with ashes". He surrenders himself at his lotus-feet.

In another hymn in praise of Shiva, Krishnajoo says:

The hermit whose neck is adorned by snakes
And from whose matted locks emerges the Ganga
Is none other than 'Shambhoo', my great Lord.

God creates the world by his mere will. Maya produces illusion. Karma or action pays only if it is *nishkama* or unattached to any desire. Renunciation means to get rid of Maya that keeps us in shackles. Fear of God is a deterrent to evil deeds. God is aware of all our actions, whether good or bad. We cannot hide our misdeeds from him when he already knows about them. In this manner Krishnajoo advocated detachment from those earthly and mundane desires which hamper one's union with Shiva.

Krishnajoo Razdan does not believe in *sannyasa* in the prevalent sense of the word, or in renouncing the world. For him renouncement meant giving up *kama, krodha, lobha, moha* and *ahankara.* Krishnajoo Razdan questions the very basis of renunciation and *sannyasa* in the following lines,

Why should we renounce the world?
We will devote ourselves wholly to
the love of Krishna.
For us that is austerity and yogic practice.

Krishnajoo Razdan remained continuously engaged in penance and spiritual practices throughout his life. He writes :-

"I follow you Shiva, searching you on the Harmukha
My Lord, bestow upon me your grace
by granting me your Darshana."

Like Lalla, Krishnajoo also wants to take his Lord in his lap and sing a lullaby to Him. He wants to love Him in the warmest corners of his heart. Whether it is Ganesha, Shiva, Rama or Krishna, they all represent the ultimate reality, union with which is to be achieved by the spiritual aspirant. Krishnajoo had attained eternal peace by turning his mind away from the worldly pleasures and adoring the divine in his heart. This gave him freedom from want, worries, anxieties and fear. He believed sincerely in the oneness of the universe and in the brotherhood of mankind. "Let us all unite", he exhorts, "and go in for self-introspection Let us stand united and strive for peace". Again like Lalla, he seems to believe that, it is "we who existed in the past and we who shall exist in the future".

While the great saint-poet has become a household name in Kashmir, he is not totally unknown in other parts of the country. Sir George Grierson got his 'Shiva Lagna' published by the Asiatic Society of Bengal. Well-known Kashmiri scholar, Professor S.K.Toshakhani also published some of his songs.

I kneel down in prostration before this great saint-poet of Kashmir.

Let me behold thee everywhere
Let me merge in thee forever
*Om Namah Shivaya!*

# शब्दों की श्रद्धांजली

महाराज कृष्ण सफाया

मॉज शारदायॅ हुन्द छु वरदान् कृष्ण जू राज़दान
सरस्वती हन्ज़िं दयायिँ हुँद छु आसमान, कृष्ण जू राज़दान।।

शिव तुॅ शक्ति नॉविच रटिथ मोखतॅ माल
श्री कृष्ण सुँद रूपॅ् वुछुन बालगौपाल
नंदान्द प्रवांन् बेयॅ छु प्राज़लान, कृष्ण जू राज़दान।।

अमरनाथन अमर बनॉविथ शिवमार्ग होव्नस
शारिका मातायिँ दया दृष्टिँ हुँद दामान छौवनस
तॅवय़ॅ भक्ति भावुक अमृत छु चावान, कृष्ण जू राज़दान।।

दिह अभिमान त्रोवुन ब्रह्म भाव प्रॉवुन
गाट्जार मुशराविथॅ याद साधु नाव पावुॅन
चे़यथ प्राज़नाविथ सिर्युक दर्शन छु हावानॅ, कृष्ण जू राज़दान।।

बेयॅल प्मपोश तयॅ मादलॅ लगियथ
गंगॅज़ल कनियॅ अशॅवोन्य भविथ
शिव शंभू छु सोन्ध्रवान, कृष्ण जू राज़दान।।

शिवसुंदि यिन् यस पोन्य वुज़ि नागरादस
ज़ान मान यस दयस त् पॉन्य पानसँ
लीलाय शब्दॅ सुवय वेचा़र छु वुज़नावान, कृष्ण जू राज़दान।।

सुॅ सिरयुक तीज औस किन् च़न्दुम्च नर्मी
ग्रेज़ित तमिसंदिँ वच़न वनान ज़ि बनू चॅ़ कर्मी
प्रथ विज़य पज़र्य्च वथ छु हावान कृष्ण जू राज़दान।।

दपान युस रुतुय करवुन छु रोज़ान रुतुय छु प्रवान
यथ्यिस छुनः कांह ति वरिय गज़रावान
यहीथ पदवी मंजोहर अॅठभ छु प्रावान कृष्ण जू राज़दान।।

वलियुव ऑसि ति पाननस सन दिमव
तृसंध्युन लीलायन तु भजनन् कन् थवव्
रलिथ्थ मीलिथ्थ यिमव छ्ॅ वन्यि दिवान कृष्ण जू राज़दान।।

तिथिय्य ऑसि बनव् यि छुन् मुमकिन
तमसिंज़ हावमचि़ वति पकव छु यि मुमकिन
भावहत्यन हुन्द पोशगोद् छु सोंबरावान कृष्ण जू राज़दान।।

छु तृष्ति लोकचारय यिमवय वच़नव वुज़नोवमुत
सतगुरन हन्दि कृपायि तंबलोवमुत
ज़ानिथ सारिनय दया छु करनावान कृष्ण जू राज़दान।।

# Gratitude

We at the Jammu-Kashmir Vichar Manch are happy that we are bringing out a Souvenir–albeit a little later than expected–as a token of our reverence for Krishnajoo Razdan, a great devotional poet of Kashmir. for over one year now the Manch had been engaged in organizing programmes in connection with 150th birth anniversry of the saint-poet and this Souvenir comes as the culmination of the celebrations.

We regard Krishnajoo Razdan as one of the noblest representatives of the values and ideals cherished by Kashmiri Hindus over the centuries. Remembering him in these difficult days when the entire community has been uprooted and cut off from its cultural moorings in Kashmir comes as a soothing balm for their hurt psyche. His sweet and melodious devotional songs are proving a source of solace and inspiration for them, filling their minds with the hope of divine deliverance from their sorrow. The Jammu and Kashmir Vichar Manch feels that the legacy of great saints like him must be passed on to the coming generation and the generations to come. We think it most important to inculcate, in the young minds especially, an understanding of our culture and sense of reverence for high spiritual values. Commitment to the protection of our cultural and literary heritage has become imperative for us in the present circumstances. The publication of this Souvenir is also aimed at this objective.

We feel greatly encouraged that eminent personalities of the country like the respected Sarsanghachalak Shri Sudershanji, His Excellency Shri Kedar Nath Sawney, Governor of Goa, and Shri Indresh Kumar ji have been kind enough to send us their inspiring messages of good wishes for the publication of the Souvenir. We also feel abundantly thankful to all those patrons from the corporate world who have provided generous financial support to us in the shape of advertisements. But for their valuable help and co-operation it would not have been possible for us to bring out this publication.

We feel indebted to the eminent artist Shri Veer Munshi for prepaing the cover-painting for the Souvenir and also three other paintings two of showing incidents from Krishanajoo Razdan's life. We thank him profusely and sincerely for the paintings.

We cannot but express our feelings of deep gratitude to all those writers and scholars who have sent their valuable contributions for the Souvenir at our request. We greatly admire their sense of commitment to the cause of the community, whose esteemed members they are. They have thrown important light on various aspects of Krishnajoo Razadan's poetry and personality.

Words are not sufficient to express our gratitude to Dr. S.S. Toshkhani who accepted our request to edit the Souvenir despite several earlier commitments. He took great pains in giving it the shape of a publication of quite a high standard.

We would fail in our duties if we do not acknowledge the contribution of Shri M.K. Safaya, our Patron and Shri Ajay Bharti, General Secretary of the JKVM in making the publication a success.

Not to forget the contribution of Shri Jia Lal Razadan of the village Vanpoh in Kashmir, who was a grandson of Krishnajoo Razdan, for collecting and compiling the poems of the great saint-poet in the Persian script from difficent sources, including oral. But for his efforts the invaluable treasure would have been lost. Another grandson of his, Shri S.L. Razdan, is with us in Delhi. He did no less by transliterating the poems from the Persian script into Devanagari and bringing them out in three volumes titled 'Shiva Lagna', 'Krishna Darshan' and 'Krishna Vani'.

The JKVM, Delhi did recognize his great contribution on the eve of the Shivaratri festival.

Shri Mayank Agrawal of the Graphic World, Darayaganj, New Delhi, deserves our special thanks for undertaking to print the Souvenir at very short notice.

**– Anupam Kaul**
President JKVM, Delhi.




## of the future takes shape.

**To make banking easier and faster for you, we've significantly enhanced efficiency and become a strong technology driven bank.**

- The fastest growing bank in India with more than 436 branches spread across the country.
- 216 branches fully computerised, constituting more than 80% of our total business.
- Launched co-branded J&K Bank- American Express Credit Cards.
- Providing (State-of-Art) Anywhere Banking through our own VSAT Network.
- ATM facility available at 19 branches and will go upto 75 branches during the year.
- **SWIFT connectivity at 14 locations facilitating NRI customers.**
- **Best Interest Rates and International Level facility for NRI / NRO customers.**
- Depository Services available at Delhi, Jammu and Srinagar.
- Introducing Inter-net Banking shortly.

**Our vision is to be at the forefront of the nation's banking industry, with committed people working as a team to create customer satisfaction.**

**THE JAMMU & KASHMIR BANK LTD.**

*Committed to earning your Trust*

S. Nash

WITH BEST COMPLIMENTS
FROM

AV


Amar Nath Virender Kumar
Kirana & Commission Agents
6687, Khari Baoli, Delhi-110006
Phone : (O)-23957775, (R)-23276064


*With Best Compliments from:*

# Harmony of Style & Value

**only at**






## *THE CO-ORDINATES*


Plain Shirt with matching Plain Satin Ties
Rs. 450/- only

**Shirts Rs. 195/- onwards**
Shirts in vibrant checks, trendy colours, range of textures, for casual, formal & semiformal occasions.

**Trousers Rs. 325/- onwards**
Trousers in Stainfree, Wrinkle-free, Scented, Gaberdines, Flat-fronts, Office wear, party wear, etc.

**K. PRASHANT ENTERPRISES**
15, Bhawani Complex.
Bhawani Shankar Road
Dadar (w) Mumbai - 28.

*With Best Compliments from:*




# T.R.G. INDUSTRIES PRIVATE LIMITED

Specialist in:

The Construction of Earthen/Cement Concrete Dams,
Barrages, Head regulators, Power Houses,
Prestressed Cement Concrete / RCC. Aqueducts, Bridges,
Railway Bridges, Tunnels, Multistoried & Other Buildings
All Types of Hydro-electric power & Hydraulic Projects.
Besides Hydro Mechanical Gates & Gearings, Canals, Weirs,
Airports, Mechanized Construction of National Highways


**Head Office :**

**E-461, GREATER KAILASH - II,**
**NEW DELHI- 110048.**
**Tele Fax : 6444167, 6477582**
**E-mail : trgcl@satyam.net.in**

**Registered Office :**

**GAURIMAL COMMERCIAL COMPLEX,**
**29, RAIL HEAD, JAMMU-180004**
**Phones : 471857, 471606**
**Tele Fax : 0191-471605**

*With Best Compliments from:*



NEWMAN

NEWMAN

14/2369, Beadon Pura (Basement)
Karol Bagh, New Delhi-110005
Phone : 5715846 Grams : NEWBREED

*With Best Compliments from:*

# ahujasons

**SHAWL WALE (P) LTD.**



**Regd. Office** : 6/44, W.E.A.
Ajmal Khan Road,
Karol Bagh, New Delhi-5

**Phones** : Marketing Retail - 5720304

**Wholesale** : 5749867

**Export** - 5751850

**Fax** : 5757149

**Admn. Office** : 5817605

**Website** : http://www.ahujasons.com

**E-mail** : ahujason@del3.vsnl.net.in

*With Best Compliments from:*

# J.Maheshkumar Petrochemicals (P) Ltd

*CONSIGNEE STOCKIST OF*

| IPCL | | FOR | GE PLASTICS | |
|---|---|---|---|---|
| Indothene | LDPE | | LEXAN | Polycarbonate Resin |
| Indothene | LLDPE | | NORYL | Modified PPO Resin |
| Indothene | HDPE | | NORYL GTX | Modified PPO alloy |
| Koylene | PPHP | | Valox | Thermoplastic Polyest.... |
| Koylene | PPCP | | | |
| Indovin | PVC | | | |

6/18, Sanjay Building,
Mittal Estate, Sir M.V. Road,
Andheri (E), Mumbai- 400 059.
Phone : 850 1827 (4 LINES) 859 0725/26
Fax : 22-850 8534 / 22-850 3781.
**E-mail : jmk@bom3.vsnl.net.in**

*With Best Compliments from:*

# Ocean To Sky

## Our Service Knows No Limits

***We Forge :***

- *Flanges, Blanks*
- *Discs, Covers,*
- *Tube Sheets*
- *Rings*

***Under the Inspection Of :***

- *EIL, DNV,*
- *BVQI, H & G,*
- *LLOYDS, TUV,*

**THE PUNJAB STEEL WORKS**

B 38, Mayapuri Industrial Area, Phase 1, New Delhi, 110064, India.

Telephone No. : + 91 11 5130960, 5141318, 5141309

Fax No. : + 91 11 5137432, 5144443.

**Website : www.pswforge.com**

**e.mail : pswforge@mantraonline.com**

*With Best Compliments from:*




# Securities One (India) Ltd.

**6th Floor,**
**Dr. Gopal Dass Bhawan**
28, Barakhamba Road,
New Delhi-110001

*With Best Compliments from:*

# ANIKA INTERNATIONAL PVT. LTD.

A-11, First Floor, Kailash Colony, New Delhi- 110048
Tel. : 6411007, 6431067, 6234203, 6417254
Fax : 6444642, 6484575
E-mail : anika@del2.vsnl.net.in

*With Best Compliments from:*

*Vinod Bagga*





# BAGGA TENT HOUSE

Government Contractors (Approved)
For sparkling Marriages, Dazzling Theme Parties
Creative Events & Designer Fashion Show

5, Udyan Marg, Opp. Central School.
Gole Market, New Delhi-1
Ph. 3747499, 3347739
Tele Fax : 3362134
Mobile : 9811168581

E-mail : bth@mantraonline.com
Website : www.baggatents.com

With Best Compliments from:



M/s. **Arihant Trading Company**

*With Best Compliments from:*

# KANAK

Jewellers.


(unit of M.D. Overseas Ltd.)

10-A, Scindia House,
Connaught Circus.
New Delhi-110001
Tel. : 3358509/10
Fax : 3711154
E-mail : mdover@vsnl.com

*With Best Compliments from:*




We Care



Anil Tikoo

**Offcom Equipments (India) Private Ltd.**

**Head Office:**
C-20-B (G.F.), Kalkaji,
New Delhi-110049
Tel. 6213053, 6460362, 6222141
Fax : 91-11-6444744
E-mail : info@offcomindia.com

**Branch Office :**
90, Munir Manzil, Regal Chowk,
**Srinagar**, J&K
Tel. : 0194-472130, 474603

5 A/A, Gandhi Nagar, **Jammu**
**Tel.:** 0191-456854

**IT/OA SOLUTIONS IN PARTNERSHIP WITH**
HP TATA LIEBERT CANON






Canon

*With Best Compliments from:*

# ACRO POLYMERS PRIVATE LIMITED

## KHANDSA ROAD, GURGAON

## TELEPHONES: 6371069, 6371962

**Manufacturer of :**

**"ACROLITE" POLYESTER RESINS AND PIGMENT PASTES**

With Best Compliments from:

CAMPHOR

&

ALLIED PRODUCTS LIMITED

&

MALTI-CHEM RESEARCH CENTRE

3, GIDC Ind. Area
Nandesari 391 340,
Dist. Vadodara

*With Best Compliments from:*

**M/s. Galaxy Sports**
**Shoe**
**Co. Pvt. Ltd.**

*With Best Compliments from:*

# AMTEK GROUP :

## Amtek Auto Limited
## Amtek India Limited
## Benda Amtek Limited
## Amtek Sccadi Limited

***Manufacturers of:***

## Auto Parts

***Head Office:***

Bhanot Apts.
4 LSC, Madangir,
New Delhi-110062

Tel. 26092281-84, 26088219, 26096146

*With Best Compliments from:*

# TITANIC

## MERCANTILE Pvt. Ltd.

204/205, F-1, Jumbo Darshan
Western Express Highway,
Andheri (E) Mumbai-69


# GREETINGS




MARK AUTO
INDUSTRIS LTD.

# WITH BEST COMPLIMENTS FROM

A m b i e n c e   P r e s e n t s





## Lagoon luxury apartments.

- Advantage Location
- Advantage Environment
- Advantage Stage of Construction
- Advantage Option
- Advantage Amenities
- Advantage Foundation
- Advantage Price
- Advantage Specifications

**Approximate distance from important landmarks of Delhi**

- 4 kms from Radisson Hotel
- 6 kms from IGI
- 7 kms from Domestic Airport
- 10 kms from Dhaula Kuan
- 14 kms from AIIMS & Safdarjang Hospital
- 16 kms from Connaught Place




Escorted site visit at your convenience

**HIF Enterprises Private Limited**

L-4, Green Park Extn., New Delhi-110016
Tel. : 26195042, 4021, 1106, 8101 Fax : 26164757
E-mail : ambience@ndf.vsnl.net.in
Wibsite : www.ambience-island.com

AMBIENCE LAGOON LUXURY APARTMENTS
So open, yet so close.

AMBIENCE ISLAND
An Integrated Township